# राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
## अकेलगढ़ रावतभाटा रोड, कोटा 324010
फोन (0744)–.2473003 फेक्स (0744)–2473033


क्र0: एफ(2)/प्रबंध मण्डल–43 विशेष/2023/10401–20 दिनांक: 01.02.2023

माननीय सदस्य,
प्रबंध मण्डल,
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,
कोटा

**विषय : प्रबंध मण्डल की 43वीं विशेष बैठक हाइब्रिड मोड (ऑन लाइन/ऑफ लाइन) के कार्यवाही विवरण के संबंध में ।**

महोदय/महोदया,

दिनांक 28.01.2023 (शनिवार) को हाइब्रिड मोड (ऑन लाइन/ऑफ लाइन) में सम्पन्न हुई राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा की 43वीं प्रबंध मण्डल की विशेष बैठक के कार्यवाही विवरण अंतिम रूप से जारी कर इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किये जा रहे है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार वर्मा)
कुलसचिव एवं सचिव
प्रबंध मण्डल

# राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा

## प्रबन्ध मण्डल बैठक

## कार्यवाही विवरण

| | |
|---|---|
| बैठक संख्या | : 43वीं बैठक (विशेष) (हाइब्रिड मोड) |
| स्थान | : कुलपति सचिवालय का सभा कक्ष |
| दिनांक | : 28.01.2023 (शनिवार) |
| समय | : अपराह्न 3.30 बजे |

## दिनांक 28.01.2023 को सम्पन्न हुई प्रबंध मण्डल की 43 वीं विशेष बैठक के कार्यवाही विवरण

दिनांक 28.01.2023 को सम्पन्न हुई प्रबंध मण्डल की 43 वीं विशेष बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहेः—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. एस.के.सिंह, | अध्यक्ष |
| 2. | श्री मनीष गुप्ता, | सदस्य (प्रतिनिधि,प्रमुख शासन सचिव, तक0शि0) |
| 3. | श्री संत कुमार चौधरी | सदस्य |
| 4. | श्री संजीव बिहारी | सदस्य |
| 5. | प्रो. अनिल के. माथुर | सदस्य |
| 6. | प्रो. ए.के. द्विवेदी | सदस्य |
| 7. | प्रो. आर.एस. मीना | सदस्य |
| 8. | डा. रमेश पचार | सदस्य |
| 9. | डा. रवि गुप्ता | सदस्य |
| 10. | प्रो. ए.ए. हनफी | सदस्य |
| 11. | प्रो. जे.के. शर्मा | सदस्य |
| 12. | डा. शरद माहेश्वरी | सदस्य |
| 13. | डॉ. हरीश शर्मा | सदस्य |
| 14. | श्रीमती संजु तंवर | सदस्य |
| 15. | श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा, | सचिव |
| 16. | प्रो. धीरेन्द्र माथुर | विशेष आमंत्रित |

श्री पानाचंद जी मेघवाल, संभागीय आयुक्त (प्रतिनिधि,प्रमुख शासन सचिव, वित्त), आलोक बंसल इत्यादि प्रशासनिक कारणों से बैठक में उपथित नहीं हो सके।

देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करने के पश्चात समस्त माननीय सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान गायन किया गया। सचिव, प्रबंध मण्डल द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय से आज्ञा लेने के पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय एवं माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यसूची विधिवत रूप से प्रारम्भ की गई।

**प्र.म.43.1(विशेष)** **परीक्षा वर्ष 2021 में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को द्वादश दीक्षान्त समारोह में उपाधि अनुग्रहित करने के क्रम में।**

बी.टेक., बी.आर्क, बी.एच.एम.सी.टी., बी.बी.ए., एम.बी.ए., एम.सी.ए., एम.टेक. एवं एम.आर्क के वे सभी विद्यार्थी जिन्होने परीक्षा वर्ष 2021 तक अपनी सम्बन्धित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, साथ ही दिनांक 31.08.2022 तक परिणाम जारी हो गये हो, उन्हें विश्वविद्यालय के द्वादश दीक्षान्त समारोह में उपाधि अनुग्रहित किया जाना है। पी.एच.डी. पाठ्यक्रम के छात्रों को उपाधि प्रदान किये जाने की अर्हता तिथि अकादमिक परिषद् की विशेष बैठक दिनांक 27.01.2023 के संकल्प संख्या 36.1 के अनुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

अतः अनुरोध है कि बी.टेक., बी.आर्क, बी.एच.एम.सी.टी., बी.बी.ए., एम.बी.ए., एम.सी.ए., एम.टेक. एवं एम.आर्क व पी.एच.डी. के वे सभी विद्यार्थी जिन्होनें उपरोक्त तिथियों तक अपनी सम्बन्धित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, उन्हें उपाधि अनुग्रहित करने हेतु तथा दीक्षान्त समारोह अध्यादेश सं. 10 के अनुरूप उपाधि/स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने की तिथि दर्ज करने के लिए 36वीं विशेष अकादमिक परिषद् की बैठक के निर्णय सं. 36.1 के अनुसरण में अनुमोदित किये जाने का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

साथ ही प्रबन्ध मण्डल के सदस्यों से अनुरोध है कि दिनांक 31.08.2022 तक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले ऐसे छात्र जिनका डिग्री रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका है, को डिग्री प्रदान करने के लिए माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है। द्वादश दीक्षान्त समारोह हेतु पात्र छात्रों की पाठ्यक्रमवार संख्या प्रबन्ध मण्डल के समक्ष उपाधि अनुग्रहित किये जाने हेतु प्रस्तुत है। (अनुलग्नक 43.1.1 एवं 43.1.2 पृष्ठ संख्या 1–2)

माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

संकल्प **प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।**

**To consider and pass the grace for conferment of degrees to students passed out in examination year 2021 or before, for UG, PG and Ph.D Programme.**

Students who have passed their B.Tech., B.Arch., BHMCT, BBA, MBA, MCA, M.Tech., M.Arch. and Ph.D. course in examination year 2021 and get subsequent result on or before 31st August, 2022 may be considered for passing the grace for conferment of degrees in 12th Convocation. For Ph.D

course, members are requested to consider the last date of eligibility as date of Academic Council meeting.

Therefore, it is requested to pass the grace for conferment of degree to passout students of B.Tech., B.Arch., BHMCT, BBA, MBA, MCA, M.Tech., M.Arch. course in above examination year (2021) and cleared their eligibility on or before 31st August, 2022 and for Ph.D students, as date of Special Academic Council meeting and also to record date of conferment of degree/ Gold Medals as per Convocation Ordinance No. 10.

Further, the members of the Board of Management are also requested to authorize Hon'ble Vice-Chancellor to include such other students afterwards who have completed their degrees upto 31st August, 2022 but their names could not included in the Degree Register at present. The course wise numbers of eligible students for the XIIth Convocation is presented before the BoM for passing the grace for conferment of degrees.
**(Annexure 43.1.1 to 43.1.2 Page 1-2)**

**Members are requested to approve the same.**

**Resolution:** **Agenda was approved.**

प्र.म.43.2(विशेष) **द्वादश दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक व कुलपति स्वर्ण पदक, पात्र छात्रों को प्रदान किये जाने का अनुमोदन।**

माननीय कुलाधिपति महोदय के कार्यालय से प्राप्त अर्द्धशासकीय पत्र संख्या एफ. 1(39)आरबी/2016/ 7927 दिनांक 28.09.2016 में दिये गये निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किया जाना था। यह स्वर्ण पदक प्रत्येक वर्ष रोटेशन के आधार पर निर्धारित संकाय के लिए दिया जाना निश्चित किया हुआ है।

माननीय राजभवन के निर्देशों की पालना में विश्वविद्यालय द्वारा अनुपालना रिपोर्ट अपने पत्र संख्या आरटीयू/वीसीएस/एफ(1)5/2016/ दिनांक 29.11.2016 द्वारा प्रस्तुत की जा चुकी है। साथ ही रोटेशन रोस्टर भी सूचित किया जा चुका है। उक्त आदेश प्रबन्ध मण्डल की 28वीं बैठक की कार्यसूची संख्या 28.03 पर अनुमोदित किये गये। साथ ही प्रबन्ध मण्डल द्वारा कुलाधिपति स्वर्ण पदक के साथ ही बी.टेक. पाठ्यक्रम की समस्त ब्रांचों में अधिकतम अंक लाने वाले छात्र को कुलपति स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने की भी अनुशंसा की गई थी।

इस वर्ष कुलाधिपति स्वर्ण पदक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में रोटेशन के आधार पर एम.टेक. पाठ्यक्रम में दिया जाना है। अतः वर्ष 2019 में प्रवेशित एम.टेक. पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों में से अधिकतम अंक लाने वाला विद्यार्थी इस वर्ष कुलाधिपति स्वर्ण पदक हेतु योग्य है, जिसने अपना पाठ्यक्रम वर्ष 31.07.2022 तक पूर्ण कर लिया है।

द्वादश दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति व कुलपति स्वर्ण पदक के योग्य अभ्यर्थियों के नाम निम्नानुसार है :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कुलाधिपति स्वर्ण पदक | – | प्रज्ञा माहेश्वरी,<br>एनरोलमेंट नं0 19E2UCSTF40P608,<br>एम.टेक. पाठ्यक्रम |
| 2 | कुलपति स्वर्ण पदक | – | तृषा बिस्वास,<br>एनरोलमेंट नं0 17E1AYCSF40P098<br>बी.टेक. पाठ्यक्रम |

(अनुलग्नक 43.2 पृष्ठ संख्या 3–4)

माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

संकल्प — **प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।**

**To consider and approve the Chancellor's and Vice-Chancellor's Gold Medal at the 12th Convocation of the University**

Hon'ble Chancellor has directed vide its letter no. DO no. F1(39)RB/2016:7927 dated 28.09.2016 to institute Chancellor's Gold Medal to the topper of post- graduation course in any one stream. This medal shall be awarded each year by rotation system.

In view of Raj Bhawan direction, the compliance report was submitted vide RTU letter no. RTU/VCS/F(1)5 / 2016 dated 29.11.2016 and roaster of rotation was also communicated.

The matter was placed before A.C. at its 24th meeting vide agenda item no. 24.3 and approved the roaster of rotation of Chancellor's Gold Medal and also decided the institution of Vice-Chancellor's Gold Medal to highest topper of B.Tech. course.

This year Chancellor's Gold Medal will be awarded to overall topper of P.G. Programme in Master of Technology i.e. M.Tech. course, who were admitted

in batch 2019-20 and have completed their degree/passed out on or before 31st July, 2022.

In 12th Convocation the students eligible for award of Chancellor's and Vice-Chancellor's Gold Medal are as below :

1 Chancellor's Gold Medal –
Pragya Maheshwari, Enrollment No. 19E2UCSTF40P608 of M.Tech. course.
2 Vice-Chancellor's Gold Medal –
Trisha Biswas, Enrollment No. 17E1AYCSF40P098 of B.Tech. course.
**(Annexure 43.2 Page 3-4)**

**Members are requested to approve the same.**

**Resolution** **Agenda was approved**

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न होने वाली 36वीं विद्या परिषद की विशेष बैठक के कार्यवाही विवरण प्रबंध मण्डल की बैठक स्थल पर सभी माननीय सदस्यों को उपलब्ध करवाई जावेगी।

संकल्प **कार्यवाही विवरण का अवलोकन कर अनुमोदित किये गये।**

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

(प्रो. एस. के. सिंह)
कुलपति एवं अध्यक्ष
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,
कोटा

(वीरेन्द्र कुमार वर्मा)
कुलसचिव एवं सचिव
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,
कोटा